दिशा–निर्देश

“MY DREAM – MY PLANS TO REALIZE IT” वीडियो प्रतियोगिता

यह वीडियो प्रतियोगिता रेंजर्स के लिए आयोजित की जा रही है ताकि वे अपने उद्देश्य को प्रमुखता प्रदान करते हुए उसे महसूस कर सकें तथा अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उन्हें सकारात्मक दिशा में बढ़ा सकें एवं आत्म–विश्वास बनाने का अवसर प्रदान कर सकें।

पंजीकरण

- पंजीकृत इकाई की 16 से 25 वर्ष की आयु की रेंजर्स दिए गए लिंक के माध्यम से **वीडियो प्रतियोगिता या निबंध लेखन गतिविधि** किसी एक में भाग ले सकतीं है, जिससे कि अधिक रेंजर्स भाग लेने में सक्षम हो सकें।
- पंजीकरण गूगल फार्म के माध्यम से ऑनलाइन होगा जैसा कि नीचे दिया गया है। आपके पंजीकरण पर वीडियो को एमपी4 प्रारुप में एवं दिशानिर्देशों के अनुसार अपलोड करने के पश्चात ही विचार किया जाएगा अर्थात वीडियो फाइल को अपने **नाम_राज्य के साथ रीनेम करें उदाहरणार्थः– विजयश्रीवास्तव_मध्य प्रदेश।**
- **वीडियो को एमपी4 प्रारुप में अपलोड करें, फाइल का आकार 100 एमबी से अधिक न हो।**
- पंजीकरण का लिंक **https://forms.gle/k8xPQYUzaLaykx3T6** है।

वीडियो प्रस्तुति

1. वीडियो में भाग लेनें वाली रेंजर्स को ए.पी.आर.ओ. भाग–3 के अनुसार पूर्ण और सही वर्दी (उचित स्थानों पर बैज के साथ) होना चाहिए।
2. वीडियो की शुरुआत स्व–परिचय जैसे नाम, रेंजरिंग में रैंक, राज्य एवं रीजन, विषय से होनी चाहिए। विषय को ठीक से एवं धन्यवाद के साथ समाप्त करें।
3. रोशनी एवं बिना बैक लाइट के, ध्वनि रिकार्डिंग स्पष्ट अच्छी एवं विरुपण रहित होनी चाहिए।
4. पृष्ठभूमि सादा होनी चाहिए और वीडियो रिकार्डिंग क्षैतिज में होनी चाहिए।
5. रिकार्डिंग के दौरान भाग लेने वाली रेंजर्स उचित मुद्रा और भाव रखते हुए कैमरे का सामना करेंगी, अनावश्यक शारीरिक गतिविधियों से और प्रस्तुतकर्ता के पीछे से बचेंगी।
6. केवल अंग्रेजी या हिन्दी में धाराप्रवाह और स्पष्ट रुप से बोलना है।।

क्रम संख्या	**कार्यवाही**	**समय**
1.	पंजीकरण प्रारम्भ	18 सितम्बर, 2020
2.	पंजीकरण समाप्त	30 सितम्बर, 2020 सायं 5 बजे से पूर्व
3.	राज्य संघों को 5 सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों को चयन करके सम्बन्धित क्षेत्रीय मुख्यालयों को भेजना (नियुक्त समन्वयक और स्वयंसेवी टीमों के माध्यम से)	09 अक्टूबर, 2020
4.	सैमी फाइनल राउंड– 12 रेंजर्स प्रविष्टियॉं, प्रत्येक रीजन से 2, कर्नाटक राज्य संघ (मेजबान राज्य) द्वारा आयोजित किया जाएगा।	21 अक्टूबर, 2020
5.	ग्रैंड फिनाले मेजबान राज्य द्वारा आयोजित किया जाएगा– 6 रेंजर्स प्रविष्टियॉं (फिनाले वेबिनार–1 में आयोजित किया जाएगा।)	29 अक्टूबर, 2020

<u>विजेता</u>

अंतिम विजेताओं के वीडियो दिसम्बर, 2020 समारोह में प्रस्तुत किये जायेंगे। उन सभी प्रतिभागियों रेंजर्स को जिन्होंने निर्धारित प्रारूप में पंजीकरण किया है और प्रारूप में वीडियो अपलोड किया है उनको ई–प्रतिभागिता प्रमाण पत्र जारी किये जायेंगे। पहले तीन विजेताओं को एक ई–विजेता प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा।

“MY ACHIEVEMENT – THE PATH I FOLLOWED” निबंध लेखन गतिविधि

निबंध रेजंर बनने के पश्चात शैक्षिक, सामुदायिक उन्मुख, खेल, साहित्य, शिविरों, की गई सेवाओं की पेशेवर उपलब्धियों को चित्रित करता हुआ होना चाहिए। यह गतिविधि रेंजर्स को लिखने एवं कौशल प्रस्तुत करने में सक्षम बनाती है।

- निबंध **अंग्रेजी/हिन्दी** में भेजा जाना चाहिए और 250 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
- यह 3 भागों में होना चाहिए–(1) परियच (2) विकास (3) निष्कर्ष।
- आपका पंजीमकरण केवल सही प्रारूप में अपलोड किए गए वैध दस्तावेजों के प्राप्त हो जाने के बाद ही माना जाएगा। अपने नाम–राज्य के साथ अपनी **पीडीएफ फाइल** को रीनेम करें उदाहरण के लिए ‘‘विजयश्रीवास्तव_मध्य प्रदेश‘‘
- **पीडीएफ फाइल को गूगल फार्म में अपलोड करें।**
- उन सभी रेंजर्स को जिन्होंने निर्धारित प्रारूप में पंजीकरण किया है एवं निबंध गतिविधि अपलोड की है का ई–प्रतिभागिता प्रमाण पत्र जारी किए जाएगें।
- प्रत्येक क्षेत्र से चुनी गई तीन सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों (नियुक्त समन्वयक और स्वयंसेवकों की टीमों द्वारा चयनित) कुल मिलाकर 18 प्रविष्टियों को ई–प्रशस्त्रि प्रमाण पत्र प्राप्त होगा।
- अंतिम तीन विजेता प्रविष्टियाँ रेंजरिंग शताब्दी वर्ष में राष्ट्रीय मुख्यालय की विशेष पत्रिका में मुद्रित की जाएगी।
- अंतिम तीन विजेताओं की घोषणा दिसम्बर 2020 में होने वाले उत्सव कार्यक्रम में की जाएगी।

रेंजर्स को नीचे दिए गये लिंक के माध्यम से पंजीकरण करना चाहिए एवं अपनी प्रविष्टियों को रेंजर लीडर/संस्थानों के प्रमुख द्वारा प्रमाणित अनुशंषा पत्र के साथ अपलोड करनी चाहिए।